दिन– गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 26 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 05 मिनट

---

गंगा और इसकी सहायक नदियों के जलस्तर में कमी के कारण राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आंशिक सुधार हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना, बेगूसराय, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर और कटिहार जिलों के विभिन्न भागों में बाढ़ का पानी अब धीरे–धीरे उतरने लगा है। जिससे लोगों को हालात बेहतर होने की उम्मीद जगी है। प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य जारी है। प्रशासन की ओर से कई स्थानों पर सामुदायिक रसोई की संख्या बढ़ाई गयी है। इसके साथ ही पानी निकलने के बाद महामारी की आशंका को देखते हुए साफ–सफाई और ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव का प्रबंध किया जा रहा है। इधर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर और कटिहार जिले में कई स्थानों पर नदी की तेज धार से कटाव का खतरा भी बढ़ गया है। इन क्षेत्रों में कटाव रोधक कार्य शुरू कर दिए गये हैं।

———————————————————

पटना और बेगूसराय में बाढ़ प्रभावित दियारा क्षेत्रों के स्कूलों में छुट्टियां बढ़ा दी गयी है। बेगूसराय के एक सौ पच्चीस विद्यालयों को अट्ठाईस सितंबर तक बंद रखने के आदेश दिए गये हैं। इधर, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने जिले के छिहत्तर स्कूलों में पठन–पाठन अट्ठाईस सितंबर तक बंद रखने के निर्देश दिए हैं।

———————————————————

विभिन्न नदियों के जलस्तर में कमी की प्रवृति जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गंगा नदी के जलस्तर में बक्सर, पटना के दीघा घाट और गांधी घाट में बड़ी कमी दर्ज की गयी है। इन स्थानों पर नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे चला गया है। वहीं, पटना के हाथीदह, मुंगेर, भागलपुर और कहलगांव में गंगा नदी का जलस्तर में कमी के बावजूद खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। सोन, पुनपुन और घाघरा नदी के जलस्तर में भी कमी आई है। इधर, नेपाल के तराई वाले क्षेत्रों में बारिश के कारण बागमती, कोसी और महानंदा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की प्रवृति देखी जा रही है।

———————————————————

इधर, अररिया, मधुबनी, सुपौल, किशनगंज और पूर्वी चंपारण समेत राज्य के नेपाल से से सटे तराई वाले इलाकों में विभिन्न स्थानों पर मध्यम से तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों में आज और कल भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर, पटना समेत राज्य के दक्षिणी भागों में भी हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी है। पटना और आस–पास के क्षत्रों में सुबह से ही रूक–रूक कर बारिश हो रही है। हमारे मधुबनी संवाददाता ने बताया है कि जिले के विभिन्न भागों में हो रही बारिश के कारण किसानों के चेहरे खिल गए हैं। कैमूर जिले के विभिन्न भागों में भी सुबह से बारिश का सिलसिला जारी है। समस्तीपुर में दोपहर बाद से बारिश हो रही है, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है।

———————————————————————

मौसम विभाग ने अगले एक से दो घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण, सीवान, मुजफ्फरपुर, भोजपुर, अरवल, बांका, मुंगेर, सहरसा, दरभंगा और मधुबनी जिले में कुछ स्थानों पर वज्रपात के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग ने कहा है कि इस दौरान लोग अनावश्यक रूप से खुले में न रहें।

———————————————————————

जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार में मंत्री अशोक चौधरी को पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव मनोनित किया है। पार्टी नेता अफाक अहमद खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पार्टी के इस निर्णय की जानकारी दी है। गौरतलब है कि अशोक चौधरी के हालिया बयानों को लेकर पार्टी में उनकी स्थिति को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे थे।

———————————————————————

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन–सीडीएससीओ ने अपनी रिपोर्ट में पचास से अधिक दवाओं को मानक गुणवत्ता के स्तर से नीचे का घोषित किया है। इन दवाओं में पैरासिटामोल, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, कैल्शियम और विटामिन डी–थ्री टैबलेट शामिल हैं। मानक गुणवत्ता के नहीं पाए गए ये उत्पाद कई कंपनियों द्वारा निर्मित किए गए थे। इन दवाओं के इस्तेमाल को लेकर चिंता बढ गई है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।